Title : Need to provide electricity by NTPC to states reeling under power crisis.

श्री हंसराज जी.अहीर (चन्द्रपुर) : उपाध्यक्ष जी, मैं सारे देश में बिजली की समस्या के बारे में बोलना चाहता हूं। हमारे देश में बिजली की बहुत ही कमी है और अनेक राज्य बिजली की कमी के त्रस्त हैं। हमारे महाराट्र में भी बिजली की कमी के कारण जनता में भारी आक्रोश है। राज्य सरकार बिजली की आपूर्ति करने में असमर्थ है और ग्रामीण क्षेत्रों में दस-दस घंटे तक बिजली गुल रहती है और शहरी क्षेत्रों का भी यही हाल है जिसके कारण हमारे उद्योग प्रभावित हो रहे हैं। किसानों को बिजली न मिलने के कारण खेती के उत्पादन पर भारी असर पड़ रहा है और अनेक उद्योग बंद होने के कगार पर हैं। महाराट्र सरकार ने केन्द्र सरकार से विनती की थी कि प्रदेश में 3600 मैगावाट बिजली कम है। एनटीपीसी से बात चल रही थी और उन्होंने हां भी की थी लेकिन बीच में बातचीत में कुछ दिक्कत आई थी। केन्द्र सरकार ने महाराट्र को बिजली नहीं दी है जिसके कारण हमारे यहां उद्योग बंद होने के कगार पर हैं और वहां बेरोजगारी बढ़ सकती है। अनेक उद्योगों के बंद होने की वजह से और बेरोजगारी बढ़ने के कारण अनेक तरह की तमाम समस्याएं वहां आ सकती हैं। किसानों को बिजली न मिलने के कारण उनको अपनी फसल की सिंचाई में दिक्कतें आ रही हैं। फसलें नट हो रही हैं। इसलिए मेरा निवेदन है कि महाराट्र सरकार ने राज्य के लिए जितनी बिजली मांगी है उसकी उपलब्धता कराई जाए। एनटीपीसी द्वारा भी वहां पर थर्मल पावर का निर्माण करने के लिए भी पहल करें, यही मेरी विनती है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Prabhunath Singh − not present

Shri Sunil Khan − not present.

Now, Shri Avinash Rai Khanna.